70-80-90 प्रतिशत वेतन व्यवस्था को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई पूरी, एरियर्स और ब्याज की भी मांग

परिवीक्षा में कम वेतन का मामला: शिक्षकों को 100% वेतन और 7% ब्याज की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाड़ा



मध्यप्रदेश के ट्राइबल शिक्षा विभाग और स्कूल शिक्षा विभाग में कार्यरत उच्च माध्यमिक, माध्यमिक एवं प्राथमिक शिक्षकों के लिए राहत की बड़ी उम्मीद जगी है। परिवीक्षा अवधि के दौरान 70, 80 और 90 प्रतिशत वेतन दिए जाने की व्यवस्था को चुनौती देने वाली याचिका पर सोमवार को मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की मुख्यपीठ जबलपुर में सुनवाई पूरी हो गई। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायालय ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया है। अब शिक्षकों की नजर हाईकोर्ट के अंतिम निर्णय पर टिकी है। मामला Uma Wanshi & Others Vs. State of Madhya Pradesh से संबंधित है। प्रकरण की सुनवाई माननीय कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश एवं न्यायमूर्ति प्रदीप मित्तल की खंडपीठ के समक्ष हुई। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता धीरज तिवारी ने पक्ष रखते हुए परिवीक्षा अवधि में लागू 70-80-90 प्रतिशत वेतन व्यवस्था को कानूनी और संवैधानिक आधारों पर चुनौती दी।

नियमित पद पर नियुक्ति, फिर कम वेतन क्यों?

याचिकाकर्ताओं की ओर से न्यायालय के समक्ष मुख्य रूप से यह सवाल उठाया गया कि जिन शिक्षकों का चयन निर्धारित पात्रता परीक्षा और नियमित चयन प्रक्रिया के माध्यम से हुआ है तथा जिन्हें स्वीकृत नियमित पदों पर नियुक्त किया गया है, उन्हें परिवीक्षा अवधि में पूर्ण वेतन से वंचित क्यों रखा गया?दलील दी गई कि संबंधित शिक्षक किसी अस्थायी, दैनिक वेतनभोगी अथवा केवल मानदेय आधारित व्यवस्था के तहत काम नहीं कर रहे हैं। वे निर्धारित प्रक्रिया के तहत चयनित होकर नियमित पदों पर नियुक्त हुए हैं और उनसे स्कूलों में नियमित शिक्षकों की तरह ही शिक्षण कार्य कराया जा रहा है।इसके बावजूद नियुक्ति के बाद परिवीक्षा अवधि के दौरान पहले वर्ष में 70 प्रतिशत, दूसरे वर्ष में 80 प्रतिशत और तीसरे वर्ष में 90 प्रतिशत वेतन दिए जाने की व्यवस्था लागू की गई। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि जब शिक्षक से पूरा काम लिया जा रहा है तो उसके बदले पूरा वेतन मिलना चाहिए।

समान काम के लिए समान वेतन का मुद्दा

याचिका में यह भी तर्क रखा गया कि शिक्षकों से नियमित कर्मचारियों के समान काम, जिम्मेदारी और दायित्वों का निर्वहन कराया जाता है। ऐसे में केवल परिवीक्षा अवधि के आधार पर उनके वेतन में कटौती करना समानता के संवैधानिक सिद्धांत और समान कार्य के लिए समान वेतन की अवधारणा के विपरीत है।याचिकाकर्ताओं की ओर से न्यायालय को बताया गया कि नियुक्ति के बाद शिक्षक विद्यालयों में पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हैं। विद्यार्थियों को पढ़ाने से लेकर परीक्षा, मूल्यांकन, प्रशासनिक और अन्य शैक्षणिक गतिविधियों में उनकी भूमिका नियमित शिक्षकों से अलग नहीं होती। ऐसे में वेतन में अंतर का औचित्य भी न्यायिक परीक्षण का विषय है।

स्टाइपेंड व्यवस्था पर भी सवाल

मामले में परिवीक्षा अवधि के दौरान कम वेतन दिए जाने को स्टाइपेंड आधारित व्यवस्था के रूप में भी चुनौती दी गई है। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि विधिवत चयन प्रक्रिया पूरी कर नियमित पद पर नियुक्त किए गए शिक्षक को पूर्ण वेतन के स्थान पर कम राशि देना उचित नहीं माना जा सकता।याचिका में 24 दिसंबर 2019 और 24 फरवरी 2020 को जारी अधिसूचनाओं के तहत लागू स्टाइपेंड आधारित परिवीक्षा व्यवस्था तथा 12 दिसंबर 2019 के संबंधित सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र के आधार पर वेतन में की गई कटौती को चुनौती दी गई है।

पुराने न्यायिक फैसलों का भी हवाला

सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ता ने समान प्रकृति के पूर्व न्यायिक निर्णयों का हवाला भी दिया। इसके साथ ही 12 दिसंबर 2019 के सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र से संबंधित पूर्व न्यायिक निर्णयों को भी न्यायालय के समक्ष रखा गया।याचिकाकर्ताओं की ओर से तर्क दिया गया कि परिवीक्षा अवधि में कम वेतन दिए जाने से जुड़ा मुद्दा पहले भी न्यायिक परीक्षण का विषय रह चुका है। ऐसे में वर्तमान प्रकरण में भी पूर्व में दिए गए न्यायिक निर्णयों और संवैधानिक प्रावधानों के आधार पर शिक्षकों को राहत दी जानी चाहिए।

100 प्रतिशत वेतन के साथ एरियर की मांग

याचिकाकर्ताओं ने केवल भविष्य में पूर्ण वेतन देने की मांग नहीं की है, बल्कि परिवीक्षा अवधि में कम दिए गए वेतन की पूरी अंतर राशि का भुगतान करने की भी मांग की है।याचिका में मांग की गई है कि जिन शिक्षकों को पहले वर्ष में 70 प्रतिशत, दूसरे वर्ष में 80 प्रतिशत और तीसरे वर्ष में 90 प्रतिशत वेतन मिला है, उन्हें नियुक्ति दिनांक से 100 प्रतिशत वेतन माना जाए और इस आधार पर जो राशि कम दी गई है, उसका पूरा एरियर भुगतान किया जाए।इसके साथ ही बकाया राशि पर 7 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दिए जाने की भी मांग की गई है। याचिकाकर्ताओं के अनुसार यह ब्याज उस तारीख से दिया जाना चाहिए, जिस तारीख से संबंधित राशि शिक्षकों को देय हुई थी और वास्तविक भुगतान होने तक जारी रहना चाहिए।

हजारों शिक्षकों पर पड़ सकता है असर

इस मामले का फैसला केवल याचिकाकर्ताओं तक सीमित रहने वाला नहीं माना जा रहा है। यदि हाईकोर्ट शिक्षकों के पक्ष में निर्णय देता है और 70-80-90 प्रतिशत वेतन व्यवस्था को चुनौती स्वीकार करता है, तो प्रदेश के स्कूल शिक्षा विभाग और ट्राइबल शिक्षा विभाग में इसी व्यवस्था से प्रभावित रहे अन्य शिक्षकों के लिए भी राहत का रास्ता खुल सकता है।विशेष रूप से ऐसे शिक्षक, जिन्होंने अपनी परिवीक्षा अवधि में कम वेतन पर काम किया है, हाईकोर्ट के निर्णय पर नजर लगाए हुए हैं। फैसला आने के बाद यह स्पष्ट होगा कि न्यायालय इस व्यवस्था को संवैधानिक और कानूनी कसौटी पर किस तरह देखता है तथा एरियर और ब्याज के संबंध में क्या आदेश देता है।

इनका कहना है

वास्तविक राहत और उसका दायरा हाईकोर्ट के अंतिम फैसले के बाद ही स्पष्ट होगा।यदि फैसला शिक्षकों के पक्ष में आता है तो परिवीक्षा अवधि में कम वेतन पाने वाले शिक्षकों के लिए यह महत्वपूर्ण आर्थिक राहत साबित हो सकती है। वहीं सरकार के लिए भी इसका व्यापक वित्तीय और प्रशासनिक प्रभाव पड़ सकता है। यही कारण है कि स्कूल शिक्षा और ट्राइबल शिक्षा विभाग से जुड़े शिक्षक अब इस मामले के अंतिम निर्णय का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

धीरज तिवारी, एडवोकेट एमपी हाईकोर्ट जबलपुर

मूल पद भृत्य, वर्षों से बाबूगिरी! जनजातीय कार्य विभाग की अटैचमेंट व्यवस्था पर उठे सवाल

मुंगनापार में पदस्थ कर्मचारी वर्ष 2006 से धनेगांव में कर रहे लिपिकीय कार्य, जिला मुख्यालय पर भी भृत्यों से बाबू का काम कराने के आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाड़ा

जनजातीय कार्य विभाग में कर्मचारियों की पदस्थापना और अटैचमेंट व्यवस्था को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। आरोप है कि विभाग के जिला मुख्यालय सहित जिले के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में भृत्य के पद पर नियुक्त कर्मचारियों से लिपिकीय कार्य कराया जा रहा है। इससे विभाग की कार्यप्रणाली, पद संरचना और कर्मचारियों के कार्य विभाजन पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।मामला बिछुआ विकासखंड के संकुल केंद्र धनेगांव अंतर्गत शासकीय माध्यमिक विद्यालय मुंगनापार से जुड़ा बताया जा रहा है। यहां भृत्य के पद पर पदस्थ ज्ञानचंद बुनकर लंबे समय से अपनी मूल संस्था में सेवाएं देने के बजाय शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धनेगांव में लिपिकीय कार्य कर रहे हैं। आरोप है कि वर्ष 2006 से वे लगातार इसी व्यवस्था के तहत बाबू का काम कर रहे हैं।

अटैचमेंट की समीक्षा की जरूरत

विभागीय व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए यह भी पूछा जा रहा है कि यदि लिपिकीय कार्य का दबाव है, तो नियमित कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय करने के बजाय भृत्यों से बाबू का काम क्यों कराया जा रहा है? इससे न केवल पद के अनुरूप कार्य व्यवस्था प्रभावित होती है, बल्कि संबंधित संस्थाओं में भृत्य के मूल कार्य भी प्रभावित हो सकते हैं।अब मांग उठ रही है कि सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग जिलेभर में किए गए ऐसे सभी अटैचमेंट की समीक्षा कराएं। साथ ही ज्ञानचंद बुनकर की वर्ष 2006 से धनेगांव में लिपिकीय कार्य करने संबंधी पदस्थापना, आदेश और विभागीय अनुमति की जांच कर वास्तविक स्थिति सार्वजनिक की जाए। अब देखना होगा कि विभाग इस वर्षों पुरानी व्यवस्था की जांच कर कार्रवाई करता है या अटैचमेंट का सिलसिला आगे भी जारी रहता है।

मूल पद भृत्य, जिम्मेदारी लिपिक की

सबसे बड़ा सवाल यही है कि जब कर्मचारी की मूल पदस्थापना भृत्य के पद पर शासकीय माध्यमिक विद्यालय मुंगनापार में है, तो उन्हें वर्षों से दूसरी संस्था में लिपिकीय कार्य के लिए क्यों रखा गया है? यदि विभाग को लिपिकीय कार्य के लिए कर्मचारियों की आवश्यकता है, तो क्या इसके लिए नियमित रूप से पदस्थ लिपिक उपलब्ध नहीं हैं? विभागीय नियमों के तहत ऐसी व्यवस्था के लिए क्या आदेश जारी किया गया है, इसकी जानकारी भी सामने आना जरूरी है।वहीं जिला मुख्यालय कार्यालय में भी कई भृत्यों से लिपिकीय कार्य कराए जाने की चर्चा है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि यदि कार्यालय में नियमित कर्मचारी और लिपिकीय पद मौजूद हैं, तो भृत्य कर्मचारियों को उनके मूल कार्य से हटाकर बाबूगिरी में लगाने की जरूरत क्यों पड़ रही है?वर्षों पुरानी व्यवस्था पर अधिकारियों की चुप्पी क्यों?यदि ज्ञानचंद बुनकर वर्ष 2006 से धनेगांव में लिपिकीय कार्य कर रहे हैं, तो इतने लंबे समय में विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने उनकी मूल पदस्थापना पर वापसी क्यों नहीं कराई? क्या यह व्यवस्था अधिकारियों की जानकारी में थी या फिर बिना किसी स्पष्ट आदेश के वर्षों से चलती रही?आरोप यह भी लगाए जा रहे हैं कि जिले में ऐसे अन्य कर्मचारी भी हैं, जो अपनी मूल पदस्थापना से अलग स्थानों पर लंबे समय से कार्य कर रहे हैं।

अधिकारियों की अनदेखी, 10 बच्चों पर तीन शिक्षक तैनात

जरूरतमंद स्कूलों में शिक्षकों की भारी कमी अधिकारियों की चुप्पी पर उठे सवाल, क्या रसूख के आगे बेबस है शिक्षा विभाग ?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

पांढुर्णा विकासखंड में शिक्षा व्यवस्था की एक बदरंग तस्वीर सामने आई है, जहां एक ओर कई ग्रामीण स्कूलों में अध्यापकों की कमी के कारण नौनिहालों का भविष्य अंधकारमय हो रहा है, वहीं दूसरी ओर कुछ शालाओं में छात्रों की तुलना में शिक्षकों की अव्यावहारिक पदस्थापना के चलते शालाओं सरकारी संसाधनों की खुलेआम बर्बादी हो रही है।

ऐसा ही एक ताज़ा मामला ग्राम मोहखेड़ी स्थित शासकीय प्राथमिक शाला का सामने आया है, जहां महज़ 10 विद्यार्थियों की पढ़ाई के लिए 3 शिक्षक पदस्थ हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मोहखेड़ी की शासकीय प्राथमिक शाला में विद्यार्थियों की कुल संख्या मात्र 10 है। बरसों पहले विद्यार्थियों की अधिक संख्या के कारण यहां शिक्षकों के 3 पद स्वीकृत है। लेकिन वर्तमान में व्यावहारिक संतुलन के हिसाब से यहां एक शिक्षक की मौजूदगी ही पर्याप्त मानी जा सकती है, लेकिन यहां तीन शिक्षक तैनात हैं। आश्चर्य की बात यह है कि विकासखंड के अन्य स्कूलों में शिक्षकों की घोर किल्लत बनी हुई है, जिससे बच्चों का पठन-पाठन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी मोहखेड़ी से दो अतिरिक्त शिक्षकों को जरूरतमंद शालाओं में संलग्न (अटैच) करने की ज़हमत नहीं उठा रहे हैं।

नेताओं और उच्च अधिकारियों का वरदहस्त

सूत्रों की मानें तो इस ढर्रे के पीछे शिक्षकों की ऊँची राजनीतिक और प्रशासनिक पहुँच मुख्य वजह है। कई शिक्षक नेताओं और छिंदवाड़ा में बैठे वरिष्ठ अधिकारियों से अपने मधुर संबंधों का इस्तेमाल कर मनपसंद और सुविधाजनक स्थानों पर तैनाती बनाए रखने में सफल हो रहे हैं। यही कारण है कि जरूरतमंद स्कूलों की चीख प्रशासनिक बहरेपन में दबकर रह गई है। क्षेत्रीय नागरिकों और पालकों का कहना है कि प्रशासनिक अधिकारियों को निष्पक्षता से निर्णय लेते हुए मोहखेड़ी स्कूल से अतिरिक्त दो शिक्षकों को तुरंत उन शालाओं में भेजना चाहिए जहाँ शिक्षकों का अकाल है, ताकि बच्चों की शिक्षा सुचारू रूप से चल सके। अब देखना यह है कि शिक्षा विभाग के आला अधिकारी इस गंभीर असंतुलन पर कोई ठोस कदम उठाते हैं या रसूखदारों के आगे यूँ ही नतमस्तक रहेंगे।

पटवारी की तत्परता से बची 21 वर्षीय युवक की जान

खेत में काम करते समय जहरीले सांप ने काटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

राजस्व और स्वास्थ्य विभाग के बेहतरीन समन्वय और त्वरित कार्यवाही के चलते एक 21 वर्षीय युवक की जान बाल-बाल बच गई। घटना ग्राम भीमकुण्ड तहसील जुन्नारदेव की है, जहां रविवार 16 अगस्त की दोपहर खेत में काम कर रहे एक युवक को जहरीले सांप ने अपना शिकार बना लिया था। सही समय पर उपचार मिलने से युवक अब पूरी तरह स्वस्थ है और उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम भीमकुण्ड निवासी बाबू उम्र 21 वर्ष पिता गुलाब उइके रविवार शाम करीब 04 से 4.30 बजे के बीच अपने परिवार के साथ खेत में धान की बोनी का काम कर रहा था। इसी दौरान उसे एक सांप ने काट लिया। मरीज के पिता गुलाब ने बताया कि सांप चितकबरे रंग का था और उसकी लंबाई करीब 3 फुट तथा मोटाई डेढ़ इंच के लगभग थी, जो काटने के बाद अचानक मिट्टी के अंदर चला गया। घटना के तुरंत बाद परिजनों ने गांव के कोटवार को इसकी जानकारी दी। कोटवार ने बिना देर किए क्षेत्र के पटवारी राहुल सूर्यवंशी को सूचित किया। घटना की गंभीरता को देखते हुए तहसीलदार जुन्नारदेव के निर्देशन और नायब तहसीलदार के मार्गदर्शन में पटवारी राहुल सूर्यवंशी ने तत्परता दिखाई। उन्होंने तुरंत 108 एवं 112 में कॉल किया, चूंकि मरीज की जान बचाने के लिए एक-एक पल कीमती था, इसलिए समय बचाने के उद्देश्य से युवक को आधे रास्ते तक मोटरसाइकिल की मदद से लाया गया। इसके बाद रास्ते में मिली एम्बुलेंस की सहायता से उसे निकटतम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, दमुआ पहुंचाया गया।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों की टीम ने भी मुस्तैदी दिखाते हुए शाम करीब 6 बजे मरीज को तुरंत एंटीवेनम इंजेक्शन दिया। सही समय पर इलाज मिल जाने के कारण मरीज के शरीर में जहर नहीं फैल पाया और उसकी स्थिति खतरे से बाहर हो गई।चिकित्सकों की निगरानी में रहने के बाद बाबू की स्थिति पूरी तरह से सामान्य हो गई, जिसके पश्चात आज 17 अगस्त 2026 को सुबह 10 बजे उसे अस्पताल से सकुशल डिस्चार्ज कर दिया गया है। राजस्व विभाग के अधिकारियों, पटवारी की सूझबूझ और स्वास्थ्य विभाग के इस सकारात्मक व त्वरित कदम की पूरे क्षेत्र में जमकर सराहना हो रही है।

सांसद के प्रयास से प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से कैंसर पीड़ति को मिली 1 लाख की आर्थिक सहायता राशि

छिन्दवाड़ा। सांसद बंटी विवेक साहू दीनःदुखियों, गरीब परिवारों और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को बीमारी के इलाज के लिए हर माह लाखों रूपये की सहायता राशि उपलब्ध करा रहे है। आर्थिक सहायता राशि मिलने पर गंभीर रूप से बीमार मरीजों का महानगरों और छिंदवाड़ा के अस्पतालों में बेहतर ईलाज हो रहा है।

पीड़ित आमजन भी सांसद श्री साहू से आर्थिक सहायता राशि उपलब्ध कराने के लिए लगातार गुहार लगा रहे है, जिस पर वे गंभीरता से विचार कर पीड़ित लोगों को आर्थिक सहायता राशि भी उपलब्ध करा रहे है। सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयासों के बाद कैंसर पीड़ित एक मरीज का भोपाल के अस्पताल में बेहतर ईलाज हो सकेगा। सांसद के प्रयास से कैंसर की बीमारी से जूझ रहे पीड़ित को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 1 लाख की आर्थिक सहायता राशि प्राप्त हुई है।

कांग्रेस ने रमेश को छह वर्षों के लिए किया निष्कासित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाड़ा

पार्टी नियमों को तोड़कर लगातार कांग्रेस विरोधी गतिविधियों में सक्रिय रहने वाले रमेश बेले को जिला कांग्रेस अनुशासन समिति ने 06 वर्षों के लिए निष्कासित कर दिया है। नियम विरुद्ध किए गए कार्यों की शिकायत विगत लम्बे समय से कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारियों तक पहुंच रही थी। उन्हें मौखिक रूप से समझाई भी दी गई थी कि वे पार्टी विरोधी गतिविधियों से दूर रहे, किन्तु वे नहीं माने। विगत दिनों में भी उन्होंने कांग्रेस पार्टी के दिशा-निर्देशों अथवा निमयों को तोड़ने का कार्य किया। इस मामले की शिकायत जिला अनुशासन समिति को सम्पूर्ण तथ्यों व प्रमाण के साथ प्राप्त हुई, जांच में शिकायत सही पाए जाने पर कांग्रेस की जिला अनुशासन समिति ने रमेश बेले को तत्काल प्रभाव से 06 वर्षों के लिए निष्कासित किया है।

शिवराज मोहबे का अल्प बीमारी के बाद दुःखद निधन

छिन्दवाड़ा। विक्रांत (गोलू) मोहबे और प्रशांत (पप्पी) मोहबे के पिता तथा बुधराज मोहबे व सुरेश मोहबे के भाई शिवराज मोहबे का अल्प बीमारी के बाद 15 अगस्त की रात दुःखद निधन हो गया था। उनका अंतिम संस्कार 16 अगस्त को किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने मोहबे परिवार के प्रति अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त करते हुए स्वर्गीय षिवराज मोहबे को भावपूर्ण श्रद्धांजली अर्पित की।

हरी खाद से संवर रही मिट्टी, प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ रहे जिले के किसान

छिन्दवाड़ा। "मिट्टी स्वस्थ होगी, तो खेती समृद्ध होगी और किसान खुशहाल होगा।" इसी सोच को आत्मसात करते हुए जिले के विकासखंड मोहखेड़ के ग्राम कामठी के किसान अब प्राकृतिक खेती की दिशा में कदम बढ़ा रहे हैं। राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के अंतर्गत चयनित कामठी क्लस्टर में किसानों द्वारा ढैंचा की बुवाई कर उसे हरी खाद के रूप में खेतों में अपनाया जा रहा है। किसानों की यह पहल न केवल मिट्टी की सेहत सुधार रही है, बल्कि रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम करने और कम लागत में टिकाऊ खेती को बढ़ावा देने की दिशा में भी महत्वपूर्ण प्रयास है। खेत में उगी हरी खाद, मिट्टी के लिए बनी प्राकृतिक संजीवनी - कामठी क्लस्टर के 9 कृषकों ने अपने खेतों में ढैंचा की बुवाई की। फसल की पर्याप्त वृद्धि होने के बाद किसानों ने ढैंचा को खेत में ही जुताई कर मिट्टी में मिला दिया। इससे हरा जैवभार खेत की मिट्टी में वापस पहुंचा और जैविक पदार्थ तथा पोषक तत्वों के प्राकृतिक पुनर्चक्रण में सहायता मिली। ढैंचा को खेत में मिलाने से मिट्टी में जैविक पदार्थ की मात्रा बढ़ाने के साथ-साथ मृदा संरचना, जल धारण क्षमता और पोषक तत्वों की उपलब्धता में सुधार होता है। इस प्रकार खेत में तैयार हुई हरी खाद अगली फसल के लिए मिट्टी को प्राकृतिक रूप से तैयार करने का काम करती है। नाइट्रोजन स्थिरीकरण में भी सहायक- ढैंचा एक दलहनी फसल है। इसकी जड़ों में पाए जाने वाले राइजोबियम जीवाणु वायुमंडलीय नाइट्रोजन के स्थिरीकरण में सहायक होते हैं। यही कारण है कि ढैंचा को हरी खाद के रूप में अपनाना मृदा स्वास्थ्य सुधार की दृष्टि से उपयोगी माना जाता है। ढैंचा को खेत में मिलाने के बाद मिट्टी में मौजूद सूक्ष्मजीव इसके जैविक अवशेषों को विघटित कर पोषक तत्वों को आगामी फसल के लिए उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

165 वॉटर कंटेनरों में एडीज मच्छर के लार्वा का सर्वे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाड़ा

डेंगू की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए शहरी क्षेत्र छिंदवाड़ा में माह अगस्त के अंतर्गत "जीरो लार्वा अभियान" चलाया जा रहा है। अभियान के तहत आज स्वास्थ्य विभाग के 2 दलों द्वारा जिले के शहरी क्षेत्र अंतर्गत शासकीय कार्यालयों एवं संस्थानों में एडीज मच्छर के लार्वा का सर्वे किया गया।

अभियान के अंतर्गत आज कुल 8 कार्यालयों/संस्थान परिसरों में 165 वॉटर कंटेनर—कूलर, फ्रिज, सीमेंट टांके, सिंटेक्स टैंक, फाउंटेन, अनुपयोगी बर्तन एवं टायर्स में एडीज मच्छर के लार्वा का सर्वे किया गया। कुल 25 कंटेनरों में पाए गए लार्वा का नष्टीकरण किया गया। सर्वे एनसीसी कार्यालय परिसर, पीडब्ल्यूडी परिसर, डब्ल्यूसीएल परिसर, डीआईजी कार्यालय परिसर, पुरुष आईटीआई, महिला आईटीआई परिसर एवं सेल टैक्स ऑफिस सहित कार्यालयों में किया गया। इसके साथ ही कन्या शिक्षा परिसर के आवासीय शबरी आश्रम में 102 छात्राओं की मलेरिया जांच की गई, जिसमें सभी छात्राएं नेगेटिव पाई गईं। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि ब्लॉक हर्रई एवं ब्लॉक तामिया के मलेरिया उच्च जोखिम वाले कुल 41 ग्रामों में घरों के अंदर कीटनाशक का छिड़काव कार्य प्रारंभ है। ग्राम पिपरधार, घटलिंगा, भैंसखोव, चटनी, धनखुदरा एवं चिखला में कीटनाशक छिड़काव पूर्ण हो चुका है।

भाजपा की राष्ट्रीय टीम में नए पदाधिकारियों की नियुक्ति पर जिलाध्यक्ष ने दी बधाई

छिंदवाड़ा। भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय टीम में विभिन्न महत्वपूर्ण दायित्वों पर नवनियुक्त पदाधिकारियों को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

भाजपा की राष्ट्रीय टीम में लालसिंह आर्य को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, गजेंद्र सिंह पटेल को राष्ट्रीय महामंत्री, सुश्री कविता पाटीदार को राष्ट्रीय मंत्री, विष्णुदत्त शर्मा को राष्ट्रीय संगठन समन्वयक, बंशीलाल गुर्जर को राष्ट्रीय अध्यक्ष किसान मोर्चा तथा श्री आशीष उपाध्याय को राष्ट्रीय सह संयोजक मीडिया का दायित्व सौंपा गया है।

कलेक्टर ने ली समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक

कलेक्टर ने वाहनों की सघनता के साथ जांच करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाड़ा

कलेक्टर हरेंद्र नारायन ने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी हितग्राहीमूलक योजनाओं से संबंधित शिकायतों के निराकरण पर पूरी गंभीरता से ध्यान दें। किसी भी पात्र व्यक्ति को योजना का लाभ लेने के लिए सीएम हेल्पलाइन में शिकायत करने की आवश्यकता न पड़े। उन्होंने जनसुनवाई में आने वाले आवेदनों के भी समयबद्ध निराकरण पर जोर दिया। एक सप्ताह बाद भी ऑनलाइन पोर्टल पर रिप्लाई दर्ज नहीं करने वाले अधिकारियों पर नाराजगी जाहिर की। कलेक्टर श्री नारायन सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा प्रकरणों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में अधिकारियों को आवश्यक दिशा - निर्देश दे रहे थे। बैठक में जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित लंबित शिकायतों के निराकरण और मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान 2026 के जिले में प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया गया। बैठक के दौरान जिला प्रशासन और विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय एवं मुख्यालय स्तर के अधिकारी सभाकक्ष में उपस्थित थे, जबकि जिले के अन्य सभी एसडीएम एवं खंड स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल थे।

इस शुक्रवार बादगाँव में लगेगा सीएम जन-विश्वास शिविर

कलेक्टर श्री नारायन ने बताया कि मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत जिले से निर्धारित रोस्टर के अनुसार अगला क्षेत्र भ्रमण कार्यक्रम शुक्रवार 21 अगस्त को चौरई विकासखंड के बादगांव में आयोजित किया गया है। उन्होंने सभी जिला अधिकारियों को इस शिविर में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने और आमजन की अधिक से अधिक शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। शिविर के पूर्व सभी अधिकारी अपने विभाग से संबंधित संस्थाओं का निरीक्षण करेंगे और परख ऐप में ऑनलाइन निरीक्षण प्रतिवेदन दर्ज करेंगे। कलेक्टर श्री नारायन ने निर्देश दिए कि शुक्रवार को जिला अधिकारियों की तरह ही सभी एसडीएम और अन्य सभी ब्लॉक लेवल अधिकारी भी अपने-अपने क्षेत्र के भ्रमण पर रहें और अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित कराएं।

लोक सेवा केंद्रों से सेवाओं की प्रभावी प्रदायगी पर जोर, कोई भी प्रकरण समय-सीमा बाह्य न हो

कलेक्टर श्री नारायन ने जिले में लोक सेवा केंद्रों के माध्यम से आमजन को विभिन्न शासकीय सेवाओं की सुगम, पारदर्शी एवं समयबद्ध प्रदायगी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि लोक सेवा केंद्रों पर प्राप्त होने वाले प्रत्येक प्रकरण का समय-सीमा में निराकरण किया जाए और कोई भी प्रकरण समय सीमा बाह्य न हो। उन्होंने जिला प्रबंधक लोक सेवा केंद्र को लोक सेवा केंद्रों का औचक निरीक्षण करने, उनकी कार्यप्रणाली पर सतत निगरानी रखने और लापरवाही पाए जाने पर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ.घनश्याम परते
उपसंचालक
पशुपालन एवं डेयरी विभाग बालाघाट

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की आप सभी क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
श्री विचक्षण जैन हॉस्पिटल
मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पीटल
प्युरिटी सर्विसेज नागपुर द्वारा संचालित क्रिटिकल केयर एवं किडनी डायलिसिस सेंटर
मरीजों को कम दाम में स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध
विक्रम चौधरी
प्रबंधक प्युरिटी सर्विसेज नागपुर
वार्ड नं. 32, मोती नगर, बालाघाट संपर्क करें 9685612023

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
सरोज सरैया
सहायक यंत्री
जनपद पंचायत वारासिवनी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र बालाघाट

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
दीपक उइके अधीक्षण अभियंता
रवि कुमरे कार्यपालन अभियंता
विद्युत वितरण केन्द्र कंपनी लि.बालाघाट एवं समस्त स्टापगण

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
फरहान जहां
जिला खनिज अधिकारी
समस्त सहा.खनिज अधिकारी एवं निरीक्षक
खनिज विभाग बालाघाट

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
उपरजिस्ट्रार कार्यालय वारासिवनी
मरावी जी
उपरजिस्ट्रार
एवं समस्त कर्मचारीगण

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
जिला श्रम पदाधिकारी
समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण
जिला श्रम विभाग बालाघाट

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
विनोद बनोटे
विकासखंड अधिकारी
विकासखंड स्त्रोत अधिकारी एवं समस्त कर्मचारीगण वारासिवनी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
परते जी सरपंच
सोमलाल बंधैया सचिव
रोज.सहा. एवं समस्त पंचगण
ग्राम पंचायत अजगरा, जप बिरसा

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
अनीता धुर्वे सरपंच
उदेलाल लिल्हारे सचिव
रोज.सहा. एवं समस्त पंचगण
ग्राम पंचायत समरिया, जप बैहर

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती मालती धुर्वे सरपंच
लखन मेरावी सचिव
प्रमोद पटले उपसरपंच
सहा.सचिव, पंचगण एवं समस्त ग्रामवासी
ग्राम पंचायत डोंगरिया, जप बिरसा

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
देवीप्रसाद गौतम सरपंच
राहंगडाले जी सचिव
रोज.सहा. एवं समस्त पंचगण
ग्राम पंचायत खापा, जप वारासिवनी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

अधि.डॉ.संजय खोब्रागड़े
भीम रत्न एवं संविधान रत्न से सम्मानित
भूतपूर्व जिला अध्यक्ष
बालाघाट जिला बौद्ध संघ बालाघाट

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. के.पी.नागेन्द्र
मुख्य खंड चिकित्सक अधिकारी
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खैरलांजी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
मुख्य खंड चिकित्सक अधिकारी
सिविल अस्पताल बिरसा, बालाघाट

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
शकुन्तला डामोर
सहायक आयुक्त
अनुसूचित जनजातीय कार्य विभाग बालाघाट

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
धनश्री जैन - जिला शिक्षा अधिकारी
जिला शिक्षा विभाग बालाघाट
समस्त अधिकारी व कर्मचारीगण

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
नितिन भट्ट
जनपद सीईओ
अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जप बिरसा एवं समस्त कर्मचारीगण

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
योगराज चौहान
प्रभारी प्रबंधक
लेखापाल, लिपिक एवं समस्त स्टाफगण
सेवा सहकारी समिति नांदी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
विनो ट्रेडिंग प्रायवेट लिमिटेड कंपनी
शराब सेहत के लिए हानिकारक है

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
एच.सी.डहेरिया
वरिष्ठ कृषि अधिकारी
वरिष्ठ कृषि अधिकारी, कृषि विभाग कटंगी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
मोहन धुर्वे सरपंच
कृपालसिंह धुर्वे सचिव
रोज.सहा. एवं समस्त पंचगण
ग्राम पंचायत सिंघनपुरी, जप बिरसा

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
मीलाबाई मड़ावी सरपंच
पुनीत चिचाम सचिव
रोज.सहा. एवं समस्त पंचगण
ग्राम पंचायत बोरखेड़ा, जप बिरसा

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
लक्ष्मी मेरावी सरपंच
हनिफ कुरैशी सचिव
रोज.सहा. एवं समस्त पंचगण
ग्राम पंचायत कदला, जप बिरसा

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
सविता भिमटे सरपंच
रामचंद बाहेश्वर सचिव
रोज.सहा. एवं समस्त पंचगण
ग्राम पंचायत पायली, जप बालाघाट

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों व नगरवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
नगर पालिका परिषद मलाजखंड
क्षेत्र के नागरिकों से अपील
समय पर करों का भुगतान करते हुए क्षेत्र के विकास में योगदान प्रदान करें तथा अपने वार्ड व नगर को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग करें।
मानसिंह मेरावी अध्यक्ष
त्रिवेणी गोस्वामी उपाध्यक्ष
दिनेश बाघमारे सीएमओ
एवं समस्त पार्षदगण, अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण नगर पालिका परिषद मलाजखंड

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों व नगरवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
नगर परिषद लांजी
क्षेत्र के नागरिकों से अपील
हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने में सहयोग अपेक्षित। हरित अभियान एक पेड़ माँ के नाम अंकुर अभियान को सफल बनाने हेतु ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण कार्यों में सहयोग अपेक्षित।
रेखा कालबेले अध्यक्ष
संदीप रामटेके उपाध्यक्ष
मयूर वाहने सीएमओ, लांजी
सभापति एवं समस्त पार्षदगण
मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद लांजी जिला-बालाघाट(म.प्र.)

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों व नगरवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
नगर परिषद बैहर
श्रीमती यशवंती गुड्डा मरकाम अध्यक्ष
सुनील कुमार धार्वे उपाध्यक्ष
हितेश हलमारे सीएमओ
एवं समस्त पार्षदगण, अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण नगर परिषद बैहर

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों व नगरवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
नगर परिषद वारासिवनी
सूर्यप्रकाश उके सीएमओ, वारासिवनी
श्रीमती सरिता मनोज दांदरे अध्यक्ष, वारासिवनी
निवेदक - उपाध्यक्ष, सभापति एवं समस्त पार्षदगण
मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद वारासिवनी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
जन शिक्षा केन्द्र बैहर
तिवारी जी
बी.आर.सी.

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
नितिन रामटेके
कार्यपालन यंत्री
बंजर परियोजना नदी बैहर

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
नगेन्द्र रंगारे
प्रधान कार्यपालिक अधि./सचिव
नगद भुगतान सही तौल उचित मूल्य
कृषि उपज मंडी समिति, वारासिवनी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
रोशनी मेरावी सरपंच
ईतवारी धुर्वे सचिव
रोज.सहा. एवं समस्त पंचगण
ग्राम पंचायत गढ़ी, जप बैहर

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
भूरसी बाई मेरावी सरपंच
विजय मेरावी सचिव
रोज.सहा. एवं समस्त पंचगण
ग्राम पंचायत लातरी, जप बैहर

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
मालती उइके सरपंच
गोविंद मर्सकोले सचिव
रोज.सहा. एवं समस्त पंचगण
ग्राम पंचायत बिठली, जप बैहर

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
रखीला मेरावी सरपंच
निरपतलाल राहंगडाले सचिव
शिवराम क्षीरसागर रो.सहा.
ग्राम पंचायत गोवारी, जप बिरसा

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
तिहारिन धुर्वे सरपंच
सुरेश मरकाम सचिव व रो.सहा.
ग्राम पंचायत कंदई, जप बैहर

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की आप सभी क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

अनुभा मुंजारे
विधायक बालाघाट-लालबर्रा

शांतनु मुंजारे

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
दंतरात पटले अध्यक्ष
हेमंत भगत महासचिव
भारतीय खनिज मजदूर संघ
मलाजखंड संविदा मजदूर संघ

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
देवेन्द्र सुंद्रियाल
जिला कार्यक्रम अधिकारी
महिला एवं बाल विकास विभाग बालाघाट

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
शैलेन्द्र चौकसे
परियोजना अधिकारी, बालाघाट ग्रामीण
महिला एवं बाल विकास विभाग बालाघाट

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
अनुपमा मड़ावी
परियोजना अधिकारी, बालाघाट शहरी
महिला एवं बाल विकास विभाग बालाघाट

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
डी.आर.उइके मु.का.अधिकारी
समलसिंह धुर्वे अध्यक्ष
कांति राहंगडाले उपाध्यक्ष
जनपद पंचायत परसवाड़ा एवं समस्त स्टाफ

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती रूपरेखा मनोज गौतम सरपंच
मोरेश्वर जी सचिव
नितिन भिमटे सहा.सचिव
उपसरपंच, पंचगण एवं समस्त ग्रामवासी
ग्राम पंचायत मुरझड़, जप वारासिवनी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
बिन्दु धुर्वे सरपंच
शंभुप्रसाद टेंभरे सचिव
उपदेश मरठे सहा.सचिव
उपसरपंच, पंचगण एवं समस्त ग्रामवासी
ग्राम पंचायत बाहकल, जप बिरसा

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती रमली पंद्रे सरपंच
सुंदरलाल पंद्रे सचिव
राजकुमार पंद्रे रो.सहा.
ग्राम पंचायत जैतपुरी, जप बैहर

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
रामेश्वरी पंद्रे सरपंच
रवि मरकाम सचिव
रोज.सहा. एवं समस्त पंचगण
ग्राम पंचायत उमरिया, जप परसवाड़ा

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
परसराम धुर्वे सरपंच
यशवंत मेश्राम सचिव
रोज.सहा. एवं समस्त पंचगण
ग्राम पंचायत अडोरी, जप बिरसा

संकलनकर्ता -सलीम शाह-ब्यूरों चीफ 9407052356, देवेन्द्र घोड़ेश्वर - रिपोर्टर/विज्ञापन प्रभारी 8103899525

खबर संक्षेप

1 जून से अब तक जिले में 617.0 मिमी औसत वर्षा दर्ज

हरिभूमि न्यूज सिवनी। जिले में मानसून की गतिविधियां जारी हैं। भू-संसाधन प्रबंधन कार्यालय द्वारा जारी दैनिक वर्षा प्रतिवेदन के अनुसार 01 जून से 17 अगस्त 2026 तक जिले में 617.0 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। वहीं 17 अगस्त को जिले में 1.5 मिमी औसत वर्षा रिकॉर्ड की गई।

01 जून से 17 अगस्त तक हुई संचयी वर्षा के अनुसार सिवनी में 702.8 मिमी, बरघाट में 696.8 मिमी, लखनादौन में 706.3 मिमी, केवलारी में 612.4 मिमी, कुरई में 513.6 मिमी, धनौरा में 607.0 मिमी, छपारा में 515.8 मिमी तथा घंसौर में 581.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। जिले में अब तक कुल 4935.9 मिमी वर्षा तथा 617.0 मिमी औसत वर्षा रिकॉर्ड की गई है। पिछले वर्ष इसी अवधि तक जिले में 822.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई थी। तहसीलवार संचयी वर्षा में सिवनी में 690.8 मिमी, कुरई में 496.8 मिमी, बरघाट में 651.3 मिमी, केवलारी में 1029.0 मिमी, छपारा में 850.5 मिमी, लखनादौन में 881.1 मिमी, धनौरा में 736.9 मिमी तथा घंसौर में 1244.0 मिमी वर्षा दर्ज की गई थी।

वंदे मातरम के अपमान के विरोध में भाजपा का कैंडल मार्च

हरिभूमि न्यूज सिवनी। भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में सोमवार को वंदे मातरम्‌ के अपमान के विरोध में कैंडल मार्च निकाला गया। बड़ी संख्या में युवा हाथों में मोमबत्तियां लेकर मार्च में शामिल हुए और राष्ट्रगीत के सम्मान एवं राष्ट्रीय भावनाओं की रक्षा का संदेश दिया। कैंडल मार्च के दौरान युवाओं ने वंदे मातरम का अपमान, नहीं सहेगा हिंदुस्तान जैसे नारों के साथ अपनी नाराजगी व्यक्त की।

विधायक दिनेश राय मुनमुन ने हर-हर महादेव पवित्र नाम जाप से पितृ धाम दिघौरी मे किया जलाभिषेक

हरिभूमि न्यूज सिवनी।
सिवनी। क्षेत्रवासियों के कल्याण की मंगल कामना के साथ हर-हर महादेव पवित्र नाम जाप से पितृ धाम दिघौरी मे विराजमान भगवान भोलेनाथ बाबा के दरबार मे श्रद्धापूर्वक शीश नवाकर विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी ने जलाभिषेक किया।प्रतिवर्षानुसार ब्रह्मलीन द्विपीठाधीश्वर पूज्यपाद जगतगरु शंकराचार्य स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज के पावन आशीर्वाद से भगवान भोलेनाथ के प्रिय श्रावण मास के अवसर पर मां बैनगंगा के उदगम स्थल मुंडारा धाम से गुरु रत्नेश्वर धाम दिघौरी तक निकाली जाने वाली शिवभक्त कांवडियों की भव्य कांवड यात्रा आज 17 अगस्त सोमवार को प्रातः पुनः आरंभ हुयी कांवड यात्रा मे विधायक दिनेश राय मुनमुन जी आम शिवभक्त के रूप मे सम्मिलित हुए।

पंच तत्वों में विलीन हुए शिक्षक सियाराम चौकसे जी

मोहगांव (धूमा) निवासी शिक्षक महेन्द्र चौकसे, कपड़ा व्यापारी देवेन्द्र चौकसे व डाक्टर सुरेन्द्र चौकसे के पिता पूर्व शिक्षक नगर के गणमान्य नागरिक श्री सियाराम चौकसे जी का दुखद निधन हो गया था जिनकी अंत्येष्टि कार्यक्रम दिनांक 17 अगस्त दिन सोमवार स्थानीय मोक्ष धाम मोहगांव में सुबह 10 बजे संपन्न हुआ जिसमें बड़ी संख्या स्थानीय एवं सामाजिक परिवार जन ने पहुंचकर ईश्वर से आत्मा को शांति प्रदान करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की 90 वर्षीय शिक्षक सियाराम चौकसे जी ने अपने जीवन में कई हजारों छात्र छात्राओं को शिक्षित करते हुए ।

श्रमिक एवं कर्मचारियों की 11 सूत्रीय एवं 57 सूत्रीय मांगों को लेकर बीएमएस ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏩ सिवनी।

भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राकेश श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एवं भारतीय मजदूर संघ जिला सिवनी के जिलाध्यक्ष प्रदीप पटेल के नेतृत्व में आज भारतीय मजदूर संघ के जिला पदाधिकारियों एवं बीएमएस से संबद्ध विभिन्न संगठनों के जिला पदाधिकारियों की उपस्थिति में श्रमिकों एवं कर्मचारियों की प्रमुख समस्याओं एवं मांगों के निराकरण को लेकर जिला कलेक्टर सिवनी के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री, भारत सरकार एवं माननीय मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश शासन के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री भारत सरकार के नाम 11 सूत्रीय मांगों तथा माननीय मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन के नाम 57 सूत्रीय मांगों के निराकरण की मांग की गई। भारतीय मजदूर संघ द्वारा प्रस्तुत मांगों में श्रमिकों एवं कर्मचारियों के हितों से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषय शामिल हैं। इनमें वेतन एवं मजदूरी में सुधार, रोजगार सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा, पेंशन, महंगाई एवं श्रमिक कल्याण, ठेका एवं बाह्यस्त्रोत कर्मचारियों की समस्याओं, कार्यस्थल की सुरक्षा तथा विभिन्न विभागों में कार्यरत कर्मचारियों की सेवा संबंधी समस्याओं के निराकरण सहित अन्य प्रमुख मांगें शामिल हैं। बीएमएस पदाधिकारियों ने कहा कि प्रदेश के लाखों श्रमिक एवं कर्मचारी अपनी मेहनत और सेवाओं के माध्यम से शासन एवं प्रदेश की व्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इसलिए उनकी जायज मांगों एवं समस्याओं का समयबद्ध एवं न्यायपूर्ण निराकरण शासन की प्राथमिकता होना चाहिए।

ज्ञापन सौंपते हुए पदाधिकारियों ने शासन से मांग की कि श्रमिक एवं कर्मचारी हितों से संबंधित 11 सूत्रीय एवं 57 सूत्रीय मांगों पर गंभीरतापूर्वक विचार कर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लिया जाए, ताकि प्रदेश के श्रमिकों एवं कर्मचारियों को उनका अधिकार एवं न्याय मिल सके।

इस अवसर पर शुभम सराठे राकेश बघेल गौरव बिसेन अक्षय पटले संजोग चौहान अखिलेश नागेश्वर, शिवकुमार बघेल, प्रथम डेहरिया, विजेंद्र कश्यप दिनेश सतनामी स्वपन बघेल विकास वंशकार किशोर मालवी आदि सहित भारतीय मजदूर संघ एवं उससे संबद्ध संगठनों के जिला पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

नाग पंचमी उत्सव में स्वयंसेवकों ने किया विभिन्न विधाओं का प्रदर्शन

सिवनी। श्री महावीर व्यायामशाला संगठन, सुभाष वार्ड, सिवनी के तत्वावधान में सोमवार को नाग पंचमी उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में परंपरानुसार नाग पंचमी के पावन अवसर पर पूजा-अर्चना की गई। इसके पश्चात व्यायामशाला के स्वयंसेवकों द्वारा विभिन्न विधाओं के खेलों एवं शारीरिक कौशल का शानदार प्रदर्शन किया गया।

आयोजन में स्वयंसेवकों ने अपने हुनर और शारीरिक दक्षता का प्रदर्शन कर उपस्थित लोगों को प्रभावित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में शारीरिक व्यायाम, अनुशासन, आत्मविश्वास एवं भारतीय पारंपरिक खेलों के प्रति रुचि बढ़ाना रहा। कार्यक्रम में श्री महावीर व्यायामशाला संगठन के अध्यक्ष सुदर्शन बाजल, सचिव अशोक रजक, कोषाध्यक्ष राकेश भालोटिया, संचालक धीरज पाल एवं उपसंचालक अंकित मिश्रा सहित संगठन के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे। आयोजन के दौरान सभी स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

सिविल अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन सम्पन्न

केवलारी-एक दिन पूर्व प्रसारित सुचना मे रक्तदाताओं ने किया रक्तदान स्वतंत्रता की 80 वीं बर्षगांठ के उपलक्ष्य मे रक्त दान की मुहिम चलाने बाली जिले की कलेक्टर नेहा मीना के द्वारा 17 अगस्त को ब्लड डोनेट केम्प आयोजित करने के दिशा निर्देश का पालन करते हुये डा. ए .के. लाकरा खंड चिकित्सा अधिकारी सिविल हॉस्पिटल ने सिविल हॉस्पिटल में आयोजित केम्प का शुभारंभ शशांक मेश्राम तहसीलदार,रमाशंकर महोबिया बारिष्ट पत्रकार की उपस्थिति मे हुआ।शुरुआत मे संजय पाण्डेय मेडिकल संचालक ,सुधीर पाण्डेय पत्रकार ने अपने पिताश्री स्व जी आर पाण्डेय की 86 बी जयंती को सेलीब्रेट करते हुए दोनों भाइयो ने ब्लड डोनेट किया। भाजपा के मंडल अध्यक्ष अनुप बघेल,राघव कुमार जंघेला, रामकुमार रक्सेल, अक्षय ठाकुर, खुशी नाग, शालिनी जंघेला, अशीष कटारे, अजय पारधी, दीपक उइके, सुजीत बघेल, श्रीमति भागवती उइके, श्रीवेदकुमार अवधिया, हरवेंद्र बघेल, मुकेश कुमार यादव, गुरु दयाल भोरिया, अशीष राजपूत, गजेंद्र कटरे, सुधीर अवधिया, श्याम जंघेला, हिमांशु नाग, विजेन्द्र ठाकुर, बलवंतसिंह बघेल, श्रीमति नान बाई जंघेला ने रक्तदान किया।इस पुनीत कार्य मे ब्लड बेंक सिवनी की टीम खंड विस्तारक रमन लाल ठाकुर, सीएच ओ मनीषा मरकाम सहित हॉस्पिटल के ड्यूटी मे रत कर्मचारी का बहुत साधुवाद सभी रक्तदाताओं को सिविल हॉस्पिटल के तरफ से एवं जिला चिकित्सा अधिकारी के सौजन्य से प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया ।

आदेगांव में एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम में देशभक्ति गीतों से गूंजा खेरापति माता मंदिर प्रांगण, फ्रेंड्स म्यूजिकल ग्रुप की शानदार प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज/ विमल कुमार चौबे सिवनी। स्वतंत्रता दिवस के महान पर्व की खुशी को शहीदों की स्मृति को समर्पित करते हुए काल भैरव की नगरी कहे जाने वाले सिवनी जिले के आदेगांव में रविवार शाम एक भावपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

ग्राम आदेगांव में धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों की परंपरा पुरानी रही है। इसी कड़ी में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में दूसरे दिन 16 अगस्त को शाम 8:00 बजे खेरापति माता मंदिर प्रांगण स्थित सामुदायिक भवन पर एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान गणेश एवं भारत माता की प्रतिमा की पूजा-अर्चना एवं आरती के साथ किया गया। इसके पश्चात देशभक्ति गीतों से पूरी महफिल सज गई। कार्यक्रम में फ्रेंड म्यूजिक ग्रुप के कलाकारों द्वारा ऐ मेरे वतन के लोगों तेरी मिट्टी, संदेशे आते हैं भारत का रहने वाला हूं सहित अनेक देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी गई। स्थानीय कलाकारों ने भी अपनी गायन एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से उपस्थित जनसमूह को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। इस अवसर पर माता मंदिर प्रांगण में हजारों की संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। युवाओं और बच्चों ने देशभक्ति गीतों का आनंद लेते हुए शहीदों को नमन किया। पूरे माहौल में देशभक्ति और श्रद्धा का भाव देखा गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में फ्रेंड म्यूजिक ग्रुप के कलाकार अंकुर सोनी एवं उनकी टीम की अहम भूमिका रही। आयोजकों ने बताया कि ऐसे आयोजन नई पीढ़ी में देशभक्ति और राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत करने के उद्देश्य से किए जाते हैं। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। उपस्थित सभी लोगों ने शहीदों के सपनों के भारत को साकार करने का संकल्प लिया।

मठ मंदिर में अष्टधातु के भोलेनाथ की भव्य प्रतिमा बनी आकर्षण का केंद्र

सावन माह में लगातार हो रहा अभिषेक-पूजन, सुन्दरकांड पाठ से भक्तिमय हुआ वातावरण

हरिभूमि न्यूज ⏩ सिवनी।

सावन माह के पावन अवसर पर सिवनी के मठ मंदिर में धार्मिक आस्था और भक्ति का विशेष वातावरण बना हुआ है। मंदिर परिसर में विराजमान भगवान शिव की आकर्षक अष्टधातु की प्रतिमा श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।

प्रतिमा की भव्यता और कलात्मक स्वरूप को देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंच रहे हैं और भगवान भोलेनाथ के दर्शन कर रहे हैं।

सावन माह में मंदिर में भगवान शिव का निरंतर अभिषेक एवं विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया जा रहा है। श्रद्धालु दूध, जल एवं अन्य पूजन सामग्री से भगवान भोलेनाथ का अभिषेक कर सुख-समृद्धि और परिवार की मंगलकामना कर रहे हैं।

मंदिर परिसर में धार्मिक आयोजनों का भी सिलसिला जारी है। इसी क्रम में सुन्दरकांड पाठ का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें श्रद्धालु उत्साहपूर्वक शामिल होकर भगवान श्रीराम एवं हनुमान जी की आराधना कर रहे हैं। सुन्दरकांड के पाठ से मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज रहा है। सावन के प्रत्येक दिन मंदिर में श्रद्धालुओं की आस्था और उत्साह देखने को मिल रहा है। भगवान शिव की अष्टधातु प्रतिमा के दर्शन के साथ अभिषेक, पूजन और सुन्दरकांड पाठ में सहभागिता कर श्रद्धालु आध्यात्मिक शांति एवं पुण्य की अनुभूति कर रहे हैं। मठ मंदिर में सावन का यह धार्मिक आयोजन श्रद्धालुओं के लिए आस्था, भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा का विशेष केंद्र बना हुआ है।

तेज रफ्तार कार बेकाबू होकर सड़क किनारे पलटी

सिवनी जिले के बंडोल थाना क्षेत्र में सोमवार दोपहर एक तेज रफ्तार कार बेकाबू होकर सडक़ किनारे पलट गई। यह हादसा देवरी गांव के समीप दोपहर करीब 2 बजे हुआ। दुर्घटना में कार क्षतिग्रस्त हो गई, हालांकि कोई जनहानि नहीं हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार तेज गति से जा रही थी। देवरी गांव के पास अचानक चालक का वाहन पर नियंत्रण नहीं रहा और कार सडक़ से उतरकर पलट गई। दुर्घटना के बाद आसपास मौजूद ग्रामीण तत्काल मौके पर पहुंचे और कार में फंसे चालक अरविंद यादव (40 वर्ष) को बाहर निकाला।स्थानीय लोगों ने बताया कि जिस स्थान पर यह हादसा हुआ, वहां दिनभर लोगों और वाहनों की आवाजाही बनी रहती है। ग्रामीणों का मानना है कि यदि दुर्घटना के समय सडक़ से कोई अन्य वाहन गुजर रहा होता या आसपास लोग मौजूद होते, तो हादसा अधिक गंभीर हो सकता था।घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस भी मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस द्वारा हादसे के कारणों की जानकारी जुटाई जा रही है। प्रारंभिक तौर पर वाहन की तेज रफ्तार के कारण अनियंत्रित होने की बात सामने आ रही है, हालांकि वास्तविक कारण जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।स्थानीय

ग्रामीणों ने सडक़ पर वाहनों की तेज रफ्तार को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने संबंधित विभाग और पुलिस से आवश्यक कदम उठाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि आबादी और गांवों के आसपास वाहनों की गति नियंत्रित करने के लिए संकेतक, स्पीड ब्रेकर तथा अन्य सुरक्षा इंतजाम किए जाने चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

बंडोल थाना प्रभारी मनोज जंघेला ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि एक कार बेकाबू होकर पलट गई है। उन्होंने पुष्टि की कि एक युवक घायल हुआ है, जिसकी हालत अब स्थिर है। घटनाक्रम की जांच की जा रही है।

सेवा निवृत्ति पर आशा कार्यकर्ताओं का सम्मानपूर्वक विदाई समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏩ केवलारी।

सिविल अस्पताल केवलारी में लंबे समय तक स्वास्थ्य सेवाओं में समर्पित योगदान देने वाली आशा कार्यकर्ता श्रीमती सरोज झारिया एवं श्रीमती तीरन डेहरे के सेवा निवृत्त होने पर सम्मान एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अस्पताल परिवार द्वारा दोनों आशा कार्यकर्ताओं का पुष्पमाला एवं सम्मान पत्र भेंट कर अभिनंदन किया गया। उपस्थित चिकित्सकों, स्वास्थ्य कर्मचारियों एवं आशा कार्यकर्ताओं ने उनके द्वारा वर्षों तक ग्रामीण क्षेत्र में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, जनजागरूकता तथा स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार में किए गए उल्लेखनीय कार्यों की सराहना की। वक्ताओं ने कहा कि श्रीमती सरोज झारिया एवं श्रीमती तीरन डेहरे ने अपने सेवा काल में निष्ठा, समर्पण और मानव सेवा की उत्कृष्ट मिसाल प्रस्तुत की है। उनके कार्य सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेंगे।

समारोह के अंत में दोनों सेवा निवृत्त आशा कार्यकर्ताओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए अस्पताल परिवार एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

अनुकम्पा नियुक्ति के लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण करें -कलेक्टर नेहा मीना

कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना की अध्यक्षता में सोमवार को अनुकम्पा नियुक्ति के लंबित प्रकरणों के निराकरण को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

हरिभूमि न्यूज ⏩ सिवनी।

बैठक में विभिन्न विभागों में लंबित अनुकम्पा नियुक्ति के प्रकरणों की विभागवार एवं प्रकरणवार विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने प्रत्येक प्रकरण की स्थिति की जानकारी लेते हुए पात्र अभ्यर्थियों को नियमानुसार नियुक्ति का लाभ समय-सीमा में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्रीमती मीना ने कहा कि अनुकम्पा नियुक्ति ऐसे परिवारों के लिए महत्वपूर्ण सहारा है, जिन्होंने अपने शासकीय सेवक परिजन को सेवाकाल के दौरान खोया है। इसलिए पात्र प्रकरणों में अनावश्यक विलंब न हो और शासन के प्रावधानों के अनुरूप संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने विभागवार उपलब्ध तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि पारदर्शी एवं नियमानुसार प्रक्रिया अपनाते हुए पात्र अभ्यर्थियों को क्रमवार नियुक्ति प्रदान की जाए। उन्होंने विशेष रूप से गत शिविर में चतुर्थ श्रेणी के पदों पर नियुक्ति के लिए सहमति देने वाले अभ्यर्थियों की नियुक्ति प्रक्रिया 10 दिवस के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना ने विभिन्न विभागों में लंबित पदोन्नति प्रकरणों की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागों को निर्देशित किया कि नियमानुसार 31 अगस्त 2026 तक पदोन्नति की प्रक्रिया पूर्ण की जाए। उन्होंने कहा कि पदोन्नति के उपरांत रिक्त होने वाले पदों पर शेष पात्र अनुकम्पा नियुक्ति के प्रकरणों का निराकरण किया जा सकेगा। इस प्रकार उपलब्ध पदों का बेहतर उपयोग करते हुए लंबित प्रकरणों को भी शीघ्रता से निराकृत किया जाए।

कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पदोन्नति एवं अनुकम्पा नियुक्ति दोनों प्रक्रियाओं में आवश्यक दस्तावेजों की जांच, पात्रता निर्धारण तथा विभागीय कार्यवाही समय-सीमा में पूरी की जाए, ताकि प्रकरण अनावश्यक रूप से लंबित न रहें। राजस्व विभाग के पदोन्नति प्रक्रिया एवं अन्य विभागों के मध्य समन्वय के लिए कलेक्टर श्रीमती मीना ने अपर कलेक्टर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया। उन्होंने निर्देश दिए कि नोडल अधिकारी लंबित प्रकरणों की निरंतर समीक्षा करते हुए विभागों से आवश्यक जानकारी प्राप्त करें तथा प्रकरणों के शीघ्र निराकरण में आ रही कठिनाइयों का समाधान सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना ने यह भी स्पष्ट किया कि ऐसे प्रकरण, जिनमें आवेदक अनुकम्पा नियुक्ति के लिए पात्र नहीं हैं, ऐसे प्रकरणों में शासन के प्रावधानों के अनुसार आर्थिक अनुदान की पात्रता का परीक्षण कर नियमानुसार आर्थिक सहायता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि अनुकम्पा नियुक्ति के प्रत्येक प्रकरण में पारदर्शिता, संवेदनशीलता और समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि पात्र परिवारों को शासन की मंशा के अनुरूप राहत और रोजगार का लाभ समय पर मिलना सुनिश्चित किया जाना चाहिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती अंजली शाह, अपर कलेक्टर श्री नीलमणी अग्निहोत्री सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

प्रोजेक्ट 'सिवनी की उड़ान' में बालक-बालिकाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों के लिए मिलेगा निःशुल्क प्रशिक्षण

सिवनी एवं लखनादौन में आयोजित होगा प्रशिक्षण, अभ्यर्थी सुविधानुसार केंद्र का कर सकेंगे चयन

कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना की पहल एवं मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं एवं रोजगार के अवसरों के लिए तैयार करने के उद्देश्य से प्रारंभ किए गए 'प्रोजेक्ट- सिवनी की उड़ान' को जिले में व्यापक सहभागिता मिल रही है।

हरिभूमि न्यूज ⏩ सिवनी।

अभियान में सक्रिय भागीदारी के फलस्वरूप बड़ी संख्या में बालिकाओं द्वारा पंजीयन कराया गया है।

बालकों की 'सिवनी की उड़ान' प्रोजेक्ट में शामिल किए जाने की मांग और उत्साह को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा अब उन्हें भी इस प्रोजेक्ट में शामिल किया जा रहा है। इसके अंतर्गत बालक-बालिकाओं को मध्यप्रदेश पुलिस भर्ती सहित अद्र्धसैनिक बलों एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए लिखित परीक्षा तथा शारीरिक दक्षता परीक्षा की निःशुल्क तैयारी कराई जाएगी।

प्रोजेक्ट- सिवनी की उड़ान अंतर्गत आयोजित प्रशिक्षण के दौरान सामान्य ज्ञान, सामान्य विज्ञान, गणित, मानसिक योग्यता सहित अन्य विषयों की नियमित कक्षाएं संचालित होंगी। इसके साथ ही पुलिस भर्ती के लिए आवश्यक शारीरिक दक्षता की तैयारी भी कराई जाएगी। समय-समय पर प्रशासनिक एवं पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा अभ्यर्थियों को मार्गदर्शन भी दिया जाएगा।

इसके अतिरिक्त अभ्यर्थियों की सुविधा के लिये जिले में सिवनी एवं लखनादौन में प्रशिक्षण केंद्र संचालित किए जाएंगे। अभ्यर्थियों को अपनी सुविधा के अनुसार किसी एक प्रशिक्षण केंद्र का चयन करने की कर सकेंगे। अंतिम चयनित अभ्यर्थियों के बालक-बालिकाओं के पृथक-पृथक बैच तैयार कर निःशुल्क कोचिंग एवं शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण प्रारंभ किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी 20 अगस्त 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन निर्धारित ऑनलाइन लिंक के माध्यम से स्वीकार किए जाएंगे।

नवांकुर सखी हरियाली यात्रा संपन्न

केवलारी। जन अभियान परिषद केवलारी के निर्देशन में नवांकुर संस्था माँ रेवा ग्रामोत्थान समिति द्वारा ग्राम पंचायत अलोनी खापा में नवांकुर सखी हरियाली यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम ग्राम पंचायत के सभा हाल में आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत अलोनी खापा के सरपंच राजेश पटेल तथा जन अभियान परिषद के ब्लॉक संयोजक अशोक बेन्द्रे रहे। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर महिलाओं द्वारा मंदिर से पारंपरिक कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर नवांकुर संस्था माँ रेवा ग्रामोत्थान समिति द्वारा महिलाओं को विभिन्न प्रजातियों के पौधों का वितरण किया गया। अतिथियों ने पौधों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण करना और लगाए गए पौधों की देखभाल करना हम सभी की जिम्मेदारी है।

कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं एवं ग्रामीणों को हरियाली बढ़ाने, पर्यावरण संरक्षण तथा पौधों की नियमित देखभाल के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का समापन ग्राम पंचायत सभा हाल में हुआ। आयोजन में माँ रेवा ग्रामोत्थान समिति के अध्यक्ष अशोक बंदेवार मेटर्स बालकराम डेहारिया , मोतिराम हरदुवा , उपसरपंच अल्फाज कुरैशी नंन्दु झारिया , आशा कार्यकर्ता गायत्री झारिया , ए एन एम देवकी परते , आगनवाडी कार्यकर्ता हनीफा बेगम ,सहित नवांकुर सखी , ग्रामीण महिलाए एवं जनप्रतिनिधियों की सहभागिता रही।

पेट्रोल लेने के बहाने घुस गए थे, घर में बंधक बनाकर की लूटपाट

कुमादेही में डकैती करने वाले बदमाशों को पुलिस ने दबोचा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट के बैहर स्थित कुमादेही में व्यापारी तेजराम ठाकरे के घर 12 अगस्त को हुई डकैती का पुलिस ने सोमवार को खुलासा किया। गोंदिया और बालाघाट के 8 बदमाशों ने मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया था, जिन्हें पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

12 अगस्त की रात हथियारबंद आरोपी पेट्रोल मांगने के बहाने व्यापारी के घर का दरवाजा खुलवाकर अंदर घुसे थे। उन्होंने व्यापारी, उनकी पत्नी और बेटे के साथ मारपीट कर उन्हें बंधक बनाया और 13.5 लाख नगद व जेवरात लूटकर फरार हो गए थे। पुलिस जांच में सामने आया कि डकैती की पूरी प्लानिंग बालाघाट के लामता निवासी आलोक उर्फ उकेश सिलवंशी ने बनाई थी। उसने अपने गोंदिया निवासी रिश्तेदार डैनी उर्फ किशन अजीत को व्यापारी के घर में भारी नगदी होने की खबर दी थी। डैनी ने वारदात से एक दिन पहले इलाके की रेकी की और फिर अपने साथियों के साथ मिलकर डाका डाला।पुलिस ने गोंदिया और बालाघाट से कुल 8 आरोपियों—डैनी (35), राज लहरी (24), मयूर (23), प्रणय (21), दर्शन (21), शुभम (26), मयंक (23) और आलोक (33) को गिरफ्तार किया। इनके पास से रू1.80 लाख नगद, रू15 लाख के जेवरात, 3 गाड़ियां, 6 मोबाइल, पिस्टल जैसा दिखने वाला लाइटर, चाकू, तलवार और बेल्ट मिला है। आरोपी डैनी, मयंक और राज पर पहले से भी आर्म्स एक्ट और आबकारी के केस दर्ज हैं।

भारतीय मजदूर संघ ने किया प्रदर्शन, 57 सूत्रीय मांगों का सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में भारतीय मजदूर संघ ने केंद्र और राज्य सरकार पर श्रमिकों की अनदेखी और शोषण का आरोप लगाते हुए जमकर विरोध-प्रदर्शन किया। संघ ने सोमवार को प्रशासन को प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम 57 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में 10 साल सेवा दे चुके दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को पक्का करने, आउटसोर्स कर्मचारियों को पूरा वेतन और सामाजिक सुरक्षा देने, रसोइयों का मानदेय रू 10,000 करने, पटवारियों का वेतनमान बढ़ाने, पंचायत सचिवों को समयमान वेतन देने और अतिथि शिक्षकों को शिक्षक भर्ती में छूट देने जैसी अहम मांगें उठाई गईं।

बस स्टैंड पर धरने के बाद एक बड़ी रैली निकाली गई। इसमें आउटसोर्स, संविदा, शिक्षा, कृषि, स्वास्थ्य, ऊर्जा, राजस्व और नगरीय प्रशासन समेत दर्जनों विभागों के सैकड़ों मजदूर और कर्मचारी शामिल हुए।

संघ के जिलाध्यक्ष योगेश यादव ने कहा कि सरकारें पक्की नौकरी देने के बजाय आउटसोर्स और संविदा पर भर्ती कर मजदूरों का आर्थिक शोषण कर रही हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने इन मांगों पर जल्द ठोस कदम नहीं उठाया, तो भारतीय मजदूर संघ उग्र आंदोलन करेगा।

पीएम श्री शासकीय हाईस्कूल डाइट में हर्षोल्लास से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

पीएम श्री शासकीय हाईस्कूल डाइट में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 7.30 बजे संस्था की प्राचार्य श्रीमती गीता बंसपाल एवं इसी माह सेवानिवृत्त हो रहीं शिक्षिका श्रीमती अरुंधति मंडल के विशेष सम्मान के साथ ध्वजारोहण कर किया गया।

इस अवसर पर वंदे मातरम और राष्ट्रगान का सामूहिक संगीतमय गायन हुआ। विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओतप्रोत नारे लगाए। इसके बाद बच्चों को मिष्ठान वितरित किया गया तथा बाल संसद के माध्यम से उन्हें अच्छे नागरिक बनने की शपथ दिलाई गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विभिन्न आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। विशेष आवश्यकता वाले मूक-श्रवणबाधित बच्चों द्वारा प्रस्तुत नृत्य ने उपस्थित लोगों का विशेष ध्यान आकर्षित किया।

कार्यक्रम में जिला परियोजना समन्वयक जीपी बर्मन सहित जिला पंचायत के अधिकारी, श्रीमती उमा बारमाटे, अशोक चौबे, मानसिंह चौधरी, श्रीमती ममता मिश्रा, डीएल मरकाम, संतोष कुमार दलधोबिया, श्रीमती सुनीता कटरे, श्रीमती नीता पटले, श्रीमती ललिता चौधरी, श्रीमती खेमेश्वरी नागपुरे, श्रीमती ममता वराडे, मुकेश बड़ीचार, श्रीमती मूल्टेश्वरी, श्रीमती पंचेश्वर एवं पुनीत शर्मा उपस्थित रहे।

सांस्कृतिक कार्यक्रम के बाद विद्यार्थियों को विशेष भोज में खीर, पूरी और लड्डू परोसे गए। पिछली बोर्ड परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्रा भागरती टेकाम को अशोक चौबे ने 1100 रुपये की नगद राशि प्रदान की। साथ ही इस वर्ष सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी की पूरे वर्ष की पढ़ाई से संबंधित खर्च वहन करने की घोषणा भी की। कार्यक्रम का सफल संचालन संतोष चौधरी ने किया।

विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर डॉ. सुधन्वा सिंह नेताम शासकीय महाविद्यालय मलांजखंड में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य वर्ष 1947 में देश के विभाजन के दौरान उत्पन्न मानवीय त्रासदी, विस्थापन एवं जनहानि को स्मरण करना तथा नई पीढ़ी को उस दौर के संघर्ष और पीड़ा से अवगत कराना रहा।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रो. सचिन राम शुक्ला ने विभाजन की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि एवं उससे उत्पन्न सामाजिक, सांस्कृतिक और मानवीय परिस्थितियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वि भा ज न विभीषिका स्मृति दिवस हमें अतीत की पीड़ाओं को स्मरण करते हुए राष्ट्रीय एकता, भाईचारे और सद्भाव को मजबूत करने की प्रेरणा देता है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. एम.के. धुर्वे ने की। उन्होंने विद्यार्थियों एवं स्वयंसेवक-सेविकाओं को राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता तथा आपसी सद्भाव बनाए रखने का संदेश दिया।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. आर. के. पिवहरे सहित डॉ. एस.एल. मंडावी, प्रो. संदीप गेडाम, प्रो. विशाल दमाहे, क्रीड़ाधिकारी सुश्री रोशनी सुलाखे, डॉ. आशीष बागड़े, डॉ. राजेश बोरकर, संजय रनकुहे, रामदास पनरिया एवं महाविद्यालय के समस्त स्वयंसेवक-सेविकाओं की सक्रिय सहभागिता रही।

कार्यक्रम के अंत में विभाजन के दौरान अपने प्राण गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त की गई।

धरम टोला में पक्की सड़क निर्माण की मांग, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी। जनपद पंचायत वारासिवनी अंतर्गत ग्राम पंचायत खंडवा के धरम टोला में पक्की सड़क निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने भारी बारिश के बीच खंडवा से वारासिवनी तक पद यात्रा कर विधायक विवेक विक्की पटेल एवं एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल को ज्ञापन सौंपा।

ग्राम पंचायत उपसरपंच कमलेश नागेश्वर व ग्रामीणों ने बताया कि धरम टोला मुख्य बस्ती से करीब एक किलोमीटर दूर है और यहां करीब 25 मकानों में लगभग 500 लोग निवास करते हैं। कच्चे मार्ग के कारण बारिश के दिनों में आवागमन पूरी तरह प्रभावित हो जाता है।

ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण को लेकर सीमांकन एवं पंचायत द्वारा टीएस करवाए जाने की बात पिछले दो वर्षों से कही जा रही है, लेकिन आज तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया। खराब सड़क के कारण बारिश में बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती है और वे महीने में केवल 4 से 5 दिन ही स्कूल पहुंच पाते हैं। वहीं प्रसव के समय महिलाओं को अस्पताल ले जाने के लिए एंबुलेंस गांव तक नहीं पहुंच पाती। आपात स्थिति में सुबह हो या रात, चिकित्सा सुविधा भी समय पर गांव तक नहीं पहुंच पाती।

स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहणकर तिरंगे को दी सलामी, शान से लहराया तिरंगा

हरिभूमि न्यूज उकवा। आजादी का अमृत महोत्सव 80 वाँ स्वतंत्रता दिवस समारोह जगह-जगह बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया । प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी 15 अगस्त 2026 स्वतंत्रता दिवस का महोत्सव शासकीय एवं अर्ध शासकीय स्कूलों एवं कार्यालय में मनाने हेतु सुबह से ही हलचल नजर आई इसी कड़ी में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उकवा मे श्रीमती पंकज राणा प्राचार्य के द्वारा ध्वजारोहण किया गया इसी तरह शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उकवा प्राचार्य श्री राजेंद्र कुमार भटेरे के द्वारा ध्वजारोहणकर प्रभात रैली निकाली गई रैली स्कूल से निकलकर ग्राम पंचायत उकवा पहुंची जहां सरपंच श्रीमती रामवती उईके द्वारा महात्मा गांधी एवं डॉ बाबासाहेब अंबेडकर के छायाचित्र पर पूजा अर्चना कर ध्वजारोहण किया गया एवं स्कूली छात्राओ द्वारा राष्ट्रगान प्रस्तुत किया गया उसके पश्चात प्राथमिक उप स्वास्थ्य केंद्र उकवा में डॉ श्रीमती प्रिया मोरोपे के द्वारा ध्वजारोहण किया गया उसके पश्चात बस स्टैंड उकवा मे जनपद सदस्य श्रीमती रीता फूलोंके के द्वारा ध्वजारोहण किया

गया नगर भ्रमण करते हुए प्रभात रैली पुरानी पुलिस चौकी उकवा पहुंची जहां पर उप सरपंच श्री शिव शंकर तिवारी के द्वारा ध्वजारोहण किया गया उसके पश्चात रैली सूर्या मैदान पहुंची यहां पर संजय अग्रवाल के द्वारा पूजा अर्चना कर ध्वजारोहण किया गया इस पूरे कार्यक्रम में ग्राम पंचायत उकवा से सरपंच श्रीमती रामवती उईके उपसरपंच शिव शंकर तिवारी सचिव भजन वल्के जनपद सदस्य रीता फूलोंके रोजगार सहायक प्रीति सहारे पंच जैक्सन सारभंग केष्टो चरण रमेश कुमार परमानंद पारधी ललिता रौतेल प्रमिला मेश्राम आरती भारद्वाज रीना जिजोतिया संजीव अग्रवाल उत्कल नंदा संजय अग्रवाल सुमित बांगरे सविता चौकसे एं ग्राम के पूर्व जनपद सदस्य श्रीमती सुरेखा बडोले आदि भारी मात्रा में आए ग्रामीण जनों को बूंदी एवं नमकीन परोसा गया जिसकी सभी ने सरहाना की ।उकवा खान मे श्री निषाद निकोंसे खान प्रबंधक ,आदिम जाति सेवा सहकारी समिति उकवा में प्रबंधक चिंतामणि राव गौतम, बिसेन इंग्लिश मीडियम स्कूल उकवा में जेम्स बारिक, शासकीय प्री मैट्रिक छात्रावास उकवा मे श्रीमती पारवन्ता मडावी ,शासकीय कन्या आश्रम उकवा श्रीमती रमा घरडे, वन परिक्षेत्र दक्षिण उकवा सामान्य आशुतोष सिंह रेंजर ,वन परिक्षेत्र उत्तर उकवा सामान्य सुश्री प्रियंका मरकाम रेंजर के द्वारा अपने-अपने कार्यालय में ध्वजारोहण किया गया । शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उकवा से प्रभात रैली ध्वजारोहण एवं नगर भ्रमण के पश्चात वापस विद्यालय पहुंची जहां पर छात्र-छात्राओं के द्वारा हम भारत के मूल निवासी हैं भैया पीला गमछा वाले हैं यार‍‍जैसे रंगारंग सांस्कृतिक नृत्य एवं गीतों का रोमांचक आयोजन प्रस्तुत किया गया ।

आगजनी से कोठे में बंधी 2 बकरियां जिंदा जली

कटंगी। कटंगी थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत सेलवा के टंकी टोला में रविवार और सोमवार की दरमियानी रात भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। आग में एक पशु पलक का मवेशी कोठा जल गया और उसमें बंधी 2 पालतू बकरियों की जिंदा जलने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रविवार-सोमवार की मध्य रात्रि करीब 12 बजे टंकी टोला निवासी मदन बिसेन के घर के पीछे बने मवेशियों को बांधने वाले कोठे में अचानक आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि देखते ही देखते पूरा कोठा उसकी चपेट में आ गया। कोठे में बंधी बकरियों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग जाग गए।

नवाअंकुर हरियाली यात्रा के तहत पौध वितरण एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज किरनापुर। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड के जिलाढ समन्वयक श्री महेश पटले जी के निर्देश एवम ब्लाक समन्वयक मैडम रुचिका बेस जी के मार्गदर्शन में नवांकुर सखी हरियाली यात्रा नवांकुर संस्था दीपज्योती तेजस्विनी महिला संघ किरनापुर एवम समस्त ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के द्वारा सेक्टर स्तरीय कार्यक्रम ग्राम मोरवाही में आयोजित किया गया। जिसमे कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम मोरवाही में हनुमान मंदिर में कलश पूजा कर कलश यात्रा निकाली गई , एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण किया गया एवम कार्यक्रम स्थल पर सर्वप्रथम भारत माता की पूजा अर्चना की गई, साथ ही कलश पूजा एवम पेड़ो की पूजा की गई एवम अतिथियों का स्वागत पेड़ देकर किया गया। साथ ही इस कार्यक्रम में पहुंचे सभी नवांकुर सखी को हरियाली यात्रा महोत्सव अमावस्या के पर्व पर सभी को पौधा वितरण किया गया। उपस्थित अथितियो द्वारा नवांकुर सखी को इस कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में शासकीय प्राथमिक शाला की प्रधानाचार्य चित्रालता भंडारकर मैडम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता संत कला रामटेके, भूतपूर्व पंच रमेश राहंगडाले ,जयचंद राहंगडाले, ग्राम सिवनीखुर्द से वतन जी लिल्हारे

ग्राम संघठन की अध्यक्ष तोमस्वरी परिहार, एवं नवांकुर संस्था दीप ज्योति तेजस्विनी महिला संघ से अध्यक्ष श्रीमती सविता बोपचे सचिव श्रीमती वंदना मेश्राम कोषाध्यक्ष भुवनेश्वरी बिसेन, सचिव प्रेमलता कावरे,माया बनते एवं मेंटर्स जितेंद्र कुमार मातरे पांचो ग्राम विकास पर्यटन समिति के अध्यक्ष सचिव उपस्थित रहे ग्राम विकास प्रस्फुटन मोरवाही से प्रतिमा बिसेन,संध्या राहंगडाले, सिवनीखुर्द सविता लिल्हारे, कोसते से सेवक्रराम खरे, ग्राम विकास प्रस्फुटन राजेगांव से सरिता लिल्हारे,खुशी, एवम साथ ही एमएसडब्ल्यू के छात्र मुकेश साहू, आनंद ग्रेशिया, प्रयास खरे एवम ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

क्षेत्र की सुख-समृद्धि और अच्छी बारिश के लिए की गई शिव आराधना

सावन के तीसरे सोमवार सेलवा से निकली भव्य कावड़ यात्रा

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

भक्ति, आस्था रंग में सराबोर कटंगी तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत सेलवा से सावन के पवित्र महीने के तीसरे सोमवार को प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी भव्य कावड़ यात्रा निकाली गई। बम-बम भोले और हर-हर महादेव के जयकारों के साथ निकली इस यात्रा में सैकड़ों शिवभक्तों ने क्षेत्र की समृद्धि, शांति, अच्छी फसल और अच्छी बारिश की मनोकामना के साथ भगवान भोलेनाथ से प्रार्थना की। पूरे मार्ग में धार्मिक गीतों की धुन पर भक्त थिरकते नजर आए और जगह-जगह कावड़ियों का भव्य स्वागत किया गया। गांव के संकट मोचन हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ ही कावड़ा यात्रा की शुरूआत हुई। सुबह 10 बजे मंदिर में विधि-विधान से पूजन कर कावड़यि पवित्र जल से भरी कावड़ कंधों पर लेकर गांव का भ्रमण करते हुए कटंगी शहर की ओर रवाना हुए। कावड़ियों ने केसरिया वस्त्र धारण कर रखे थे। यात्रा के आगे-आगे डीजे पर शिव तांडव, भोलेनाथ के भजन बज रहे थे। जैसे ही कावड़ यात्रा कटंगी शहर पहुंची विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के पदाधिकारियों ने फूल-मालाओं और पुष्प वर्षा कर कावड़ियों का स्वागत सत्कार किया। वहीं सभी कावड़ियों के लिए अल्पाहार की व्यवस्था की थी। इस दौरान पदाधिकारियों ने कहा कि कावड़ यात्रा केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं है, बल्कि यह समाज में एकता और भाईचारे का संदेश भी देती है। कटंगी से कावड़ यात्रा सिनेमा चौक और कतरकना रोड होते हुए आगे बढ़ी। लगभग 12 किलोमीटर का पैदल सफर तय कर यात्रा बिसापुर स्थित सिद्ध धार्मिक स्थल भसियागढ़ महादेव खोली पहुंची। रास्ते भर जगह-जगह हिंदू धर्म प्रेमियों ने कावड़ियों का स्वागत किया। कई स्थानों पर महिलाओं ने कावड़ियों के पैर धोकर तिलक लगाया। डीजे पर बजने वाले भक्ति गीतों की धुन पर युवा और बुजुर्ग सभी बम भोले के जयकारों के साथ थिरकते नजर आए। भसियागढ़ पहुंचते ही पूरे वातावरण में शिवमय माहौल बन गया। कावड़ियों ने पवित्र जल से भगवान शिव का जलाभिषेक किया। कावड़ यात्रा का धार्मिक महत्व केवल जल चढ़ाने तक सीमित नहीं है। यह यात्रा हमें प्रकृति, धर्म और समाज से जोड़ती है। सावन के महीने में शिवभक्त पैदल चलकर, कष्ट सहकर भगवान को जल अर्पित करते हैं। इससे शरीर और मन दोनों शुद्ध होते हैं।

सेलवा से हर साल निकलने वाली यह यात्रा अब क्षेत्र की पहचान बन गई है। इस यात्रा के माध्यम से युवा पीढ़ी को धर्म और संस्कृति से जोड़ने का काम भी हो रहा है। साथ ही यात्रा के दौरान समाज के सभी वर्ग एक साथ चलते हैं, जिससे आपसी सौहार्द बढ़ता है। शाम 06 बजे बीसापुर में महाप्रसादी का आयोजन भी किया गया।

लांजी में सावन मिलन समारोह एवं हरियाली तीज की रही धूम, महिलाओं ने झूला झूलकर मनाया उत्सव

हरे परिधानों में सजी महिलाओं ने दिया हरियाली और पर्यावरण संरक्षण का संदेश, सावन के गीतों पर झूमीं महिलाएं

हरिभूमि न्यूज लांजी।

सावन के पवित्र माह के तीसरे सोमवार एवं हरियाली तीज के पावन अवसर पर लांजी नगर के भिलाई रोड स्थित दुबे लॉन में श्रावण मास मिलन समारोह एवं तीज त्यौहार कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला पंचायत सदस्य ज्योति उमरी की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। पूरे परिसर में सावन की हरियाली, पारंपरिक परिधान और महिलाओं की खुशियों से उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला।

कार्यक्रम में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए सावन एवं हरियाली तीज की परंपराओं को जीवंत किया। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं हरे रंग की साड़ियों एवं पारंपरिक परिधानों में सज-संवरकर पहुंचीं। हरे रंग के परिधानों से पूरा आयोजन स्थल सावन की हरियाली के रंग में रंगा नजर आया। महिलाओं ने एक-दूसरे को तीज पर्व की शुभकामनाएं दीं और मिलकर सावन की खुशियां साझा कीं।

सावन मिलन समारोह का मुख्य आकर्षण पारंपरिक झूले रहे। पेड़ों एवं बगीचों में लगाए गए झूलों पर महिलाओं ने बारी-बारी से झूला झूलकर खूब आनंद लिया। झूला झूलते हुए महिलाओं ने सावन के सुरीले गीत, मल्हार एवं मंगल गीत गाए। गीतों और झूलों के बीच महिलाओं के चेहरे पर उत्साह और उमंग साफ दिखाई दी।

कई महिलाओं ने पारंपरिक लोकगीतों के साथ सावन की मल्हार प्रस्तुत की, वहीं कुछ महिलाओं ने फिल्मी गीतों पर नृत्य कर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। गीत-संगीत और नृत्य के बीच महिलाओं ने जमकर मनोरंजन किया और सावन के इस मिलन समारोह को यादगार बनाया।

समारोह के दौरान महिलाओं के लिए विभिन्न मनोरंजक खेल एवं गतिविधियां भी आयोजित की गईं। महिलाओं ने उत्साहपूर्वक खेलों में भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। खेलों के दौरान महिलाओं में उत्साह और आपसी प्रतिस्पर्धा देखने को मि ली । का र्य क्र म स्थल पर महिलाओं ने सज-संवरकर पहुंचने के साथ पारंपरिक श्रृंगार किया। एक-दूसरे से सुंदर दिखने की होड़ भी दिखाई दी। रंग-बिरंगे परिधानों और पारंपरिक आभूषणों से सजी महिलाएं पूरे आयोजन की शोभा बढ़ा रही थीं।

सरदार पटेल विश्वविद्यालय बालाघाट
ADMISSION OPEN 2026-27
ENGINEERING | PHARMACY | AGRICULTURE
POLYTECHNIC
B.TECH | M.TECH
Part Time/Full Time
• D. PHARMACY
• B. PHARMACY
• M. PHARMACY
• B.Sc. (Hons.)Ag.
• B.Tech (Agri) Engg.
• M.Sc. (Ag.) - AGRONOMY - HORTICULTURE
ABM
LAW • B.A. LL.B. • LL.B. • LL.M.
छात्रवृत्ति SC/ST/OBC
कैम्पस : वारासिवनी रोड, डोंगरिया, बालाघाट (म.प्र.) | 9174192111, 9174202111